सं. 05/02/2022 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 30 सितम्बर, 2022

कार्यालय आदेश

राजभाषा विभाग के दिनांक 24 सितम्बर, 2022 के समसंख्यक कार्यालय आदेश के तहत केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के 04 अधिकारियों के स्थानांतरण अन्य मंत्रालय में किए गए थे। आदेश के क्रम सं. 01 में श्री गजराज सिंह, संयुक्त निदेशक को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग से राष्ट्रपति सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी (हिंदी) के पद पर प्रतिनियुक्ति को-टर्मिनस आधार पर स्थानांतरण किया गया था। **श्री गजराज सिंह को राष्ट्रपति सचिवालय में दिनांक 26 सितम्बर, 2022 को कार्यभार ग्रहण करना था किन्तु उन्होंने अभी तक राष्ट्रपति सचिवालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।**

2. श्री गजराज सिंह, संयुक्त निदेशक (रा. भा.) के स्थानांतरण के संबंध में दिनांक 30 सितम्बर, 2022 अपराह्न से कार्यमुक्त (Stand Relieved) के आदेश जारी किए जाते हैं। दिनांक **30 सितम्बर, 2022 अपराह्न से कार्यमुक्त ना होने की स्थिति में भी उन्हें स्वत: ही कार्यमुक्त समझा जाएगा।**

3. श्री गजराज सिंह, संयुक्त निदेशक (रा. भा.) के वर्तमान तैनाती के मंत्रालय/कार्यालय से अनुरोध है कि उनको तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए उनकी तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का निदेश दें तथा इनकी सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज संबंधित मंत्रालय/ विभाग में सीधे भिजवा दिए जाएं।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

30/9/22

(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)

सेवा में,

1. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली
2. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), राष्ट्रपति सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
3. श्री गजराज सिंह, संयुक्त निदेशक, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली
4. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।